स मा चा र

सार्थक पत्रकारिता के लिए ग्राहक नहीं पाठकों के लिए अखबार छापना जरूरी – गिरीश गौतम

इंदौर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह और परिसंवाद में बोले अतिथि

श्री प्रभाष जोशी स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार, श्री गोपीकृष्ण गुप्ता श्रेष्ठ रिपोर्टिंग स्पर्धा पुरस्कार एवं श्री लक्ष्मणसिंह गौड़ स्मृति श्रेष्ठ फोटोग्राफी स्पर्धा के पुरस्कारों के विजेता हुए सम्मानित

इंदौर। समाज की अपेक्षा पत्रकारों से बढ़ गई हैं। एक एक तरफ व्यवसायिक चुनौतियां हैं जिनका सामना करना आवश्यक है तो वहीं साथ में निष्पक्ष पत्रकारिता करते हुए समाज की वेदना को सामने लाने की जिम्मेदारी भी पत्रकारों के सामने हैं। आज अखाबार ग्राहक के लिए निकलता है, पाठक के लिए नहीं। लेकिन जरूरी यह है कि पत्रकारिता को बचाने के लिए ग्राहक नहीं पाठक चाहिए। इस दौर में यह जरूरी कि अखबार ग्राहकों के लिए नहीं, पाठकों के लिए प्रकाशित हों। यह बात म.प्र. विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने कही। वे इंदौर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह एवं 'वक्त की कसौटी पर मीडिया की विश्वसनीयता' विषय पर आयोजित परिसंवाद में बोल रहे थे।

श्री गौतम ने कहा कि ईश्वर ने पत्रकार को अभिव्यक्ति की विशेष क्षमता दी है। वे समाज की वेदनाओं के प्रवक्ता होते हैं और परकाया में प्रवेश कर खबरें लिखते हैं। वे व्यक्ति के भीतर की वेदना को महसूस करते है और उसे खबर के रूप में सबके सामने लाते हैं।

पत्रकारों को चाहिए कि वे समाज की नकारात्मकता की बजाय समाज की सकारात्मक खबरों को अधिक लिखें, क्योंकि सौ बुझे हुए दिए से बेहतर है एक जलता हुआ दिया हो।

श्री गौतम ने कहा कि उन्होंने सनातन संस्कृति में समाज का पहला पत्रकार नारद जी को माना गया है, क्योंकि वे पूरे ब्रह्मांड की खबरें लाते थे। दुर्भाग्य से आज अखबार ग्राहक के लिए निकलता है, पाठक के लिए नहीं। पत्रकार वो है तथा समाज को दिशा देने का कार्य करता है, जो स्वयं तपता है और दूसरों को निखारता है। पत्रकार समाज को आईना दिखाने का काम करता है। समाज में कहीं कुछ अराजकता हो रही हो तो उस पर नियंत्रण का कार्य करता है। श्री गौतम ने कहा कि सूरज की तेज तपन से व्यक्ति बीमार पड़ जाता है, उसी सूर्य के तेज को सहेज लें तो सौर ऊर्जा निर्मित हो जाती है। ऊर्जा के इसी सकारात्मक सोच को अपनाकर हमें समाज की भलाई का विचार करना होगा।

कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन करते हुए वरिष्ठ पत्रकार श्री जयदीप कर्णिक ने कहा कि पत्रकारिता की विश्वसनीयता को हमेशा कसौटी पर कसा गया है और यह क्रम आज तक बरकरार है। अगर हम कोरोना के पिछले 19 महीनों को भी देखें तो देश में सर्वाधिक सेमीनार, वेबीनार, परिसंवाद, कार्यशाला आदि आयोजन पत्रकारिता की विश्वसनीयता विषय पर ही हुए हैं। पत्रकार जगत ही ऐसा है जो समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के साथ-साथ स्वयं अपना भी मूल्यांकन करता है और इस तरह के आयोजन कर वह स्वयं को समाज की कसौटी पर कसने की प्रतिबद्धता दिखाता है। उन्होंने आगे कहा कि इंदौर भारतीय पत्रकारिता की सबसे बड़ी नर्सरी है। यहां देश के दिग्गज और मूर्धन्य पत्रकार हुए हैं, जिन्होंने भाषाई पत्रकारिता के संस्कार समाज के सामने रखे। यहां की पत्रकारिता से जो आवाज निकलती है उसे पूरा देश गंभीरता से लेता है। कोरोना काल में भी यहां के समाचार पत्रों सहित इंदौर प्रेस क्लब ने संवेदना को दिखाते हुए सामाजिक सरोकार के साथ जो प्रतिबद्धता दिखाई, वह पूरे देश के लिए अनूठी मिसाल है।

स मा चा र

जिसमें पत्रकारिता से अधिक मानवीयता और संवेदनाएं थी। श्री कर्णिक ने आगे कहा कि वर्तमान पत्रकारिता प्रिंट मीडिया से बढ़कर डिजिटल और सोशल मीडिया तक पहुंच गई है, जिसमें अंतर करना जरूरी है। प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता और वैद्यता आज भी बरकरार है। उन्होंने कहा कि कुछ उद्योगपति केवल सोशल मीडिया के आधार पर पत्रकारिता कर रहे हैं और उन्हें लगता है कि वे इसके माध्यम से अपने एजेंडे को समाज में चला सकते हैं।

पूर्व महापौर एवं विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ ने कहा कि स्मार्ट सिटी के लिए बढ़ रहे शहर की स्थिति को जनता के सामने लाने में मीडिया की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण रही है। यह भूमिका आगे भी बरकरार रहेगी, इसका मुझे विश्वास है। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई और शुभकामनाएं दी।

विधायक श्री आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर की पत्रकारिता का देश में नाम है और यहां के पत्रकार पूरी हिम्मत और मानवीयता के साथ कार्य करते हैं। यहां के अखबार भी अच्छे समाचार के साथ संस्कार देने का भी कार्य कर रहे हैं।

इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री अरविंद तिवारी ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि प्रेस क्लब भाषाई पत्रकारिता के संस्कारों को आगे बढ़ाते हुए लगातार कार्य कर रहा है। इसके चलते उसे समाज के सभी वर्गों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इसका उदाहरण कोरोना काल में इंदौर प्रेस क्लब को मिला समाज का सहयोग है। कोरोना काल में इंदौर प्रेस क्लब ने अपने मीडिया के साथियों की भरपूर मदद की।

कार्यक्रम में श्री प्रभाष जोशी स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार, श्री गोपीकृष्ण गुप्ता श्रेष्ठ रिपोर्टिंग स्पर्धा पुरस्कार एवं श्री लक्ष्मणसिंह गौड़ स्मृति श्रेष्ठ फोटोग्राफी स्पर्धा के पुरस्कारों के विजेताओं को अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र और नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

अतिथियों का स्वागत प्रेस क्लब महासचिव हेमंत शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक कर्दम, सचिव अभिषेक मिश्रा, कोषाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य अभय तिवारी, राहुल वावीकर, महिला प्रतिनिधि प्रियंका पांडे ने किया। अतिथियों को प्रतीक चिह्न शैलेष पाठक, प्रवीण बरनाले और ललिता गौड़ ने प्रदान किए। इस अवसर पर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष श्री कृष्णकुमार अष्ठाना और श्री सतीश जोशी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी ने किया और आभार माना हेमंत शर्मा ने।

कार्यक्रम में राष्ट्रकवि सत्यनारायण सत्तन, पद्मश्री भालू मोंढे, शहरकाजी डॉ. इशरत अली, अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, शिवाजी मोहिते, संस्था सेवा सुरभि के अध्यक्ष ओमप्रकाश नरेडा, वरिष्ठ पत्रकार श्री श्रवण गर्ग, नीलमेघ चतुर्वेदी, क्रांति चतुर्वेदी, प्रकाश हिंदुस्तानी, रमण रावल, प्रवीण शर्मा, संजय लुणावत, ललित उपमन्यु, रामप्रकाश शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार हरेराम बाजपेयी, डीएवीवी पत्रकारिता विभाग की एचओडी डॉ. सोनाली नरगुंदे, रिटायर्ड डीआईजी धर्मेन्द्र चौधरी, अपर कलेक्टर अजय देव शर्मा, अजय चौरडिय़ा, भाजपा प्रदेश सह प्रवक्ता दीपक जैन टीनू एवं डॉ. दिव्या गुप्ता, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी देवकीनंदन तिवारी, मुकेश तिवारी, मनीष उपाध्याय, सुनील जोशी, राजेश राठौर, राजेश ज्वेल, अनिल त्यागी, किरण वाईकर, दिलीप लोकरे, प्रदीप मिश्रा, हर्षवर्धन प्रकाश, राजू खान, समाजसेवी अजय शारडा, समाजसेवी लक्ष्मीनारायण कसेरा, किशोर कोडवानी, मदनलाल दुबे, प्रवीण जोशी, राजेंद्र कोपरगांवकर, महेश मिश्रा, ओमप्रकाश फरकिया, मनीष काले, गजेंद्र नागर, अनिल शुक्ला, चंदू जैन, राजू रायकवार, बृजेंद्रसिंह झाला, अमित जलधारी, पंकज शर्मा, लोकेंद्र थनवार, अभिषेक

स मा चा र

रघुवंशी, प्रकाश तिवारी, रवि सिसौदिया, मार्टिन पिंटो, सुधाकर सिंह, अभिषेक दुबे, अजहर पटेल बाघेला के साथ ही विजेता प्रतिभागियों के परिजन उपस्थित थे, इसके अलावा स्व. गोपीकृष्ण गुप्ता की धर्मपत्नी एवं परिजन विशेष रूप से उपस्थित थे।

इनका मिला सहयोग

कोरोना की विषम परिस्थितियों के चलते रचनात्मक आयोजनों एक अवरोध खड़ा हो गया था। हालात सामान्य होने के बाद रविवार को पूर्ण उपस्थिति के साथ गरिमामय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इंदौर प्रेस क्लब के सम्मानित सदस्यों ने अपने परिजनों एवं संस्थानों के नाम पर पुरस्कार राशि में सहयोग प्रदान किया। प्रेस क्लब के पूर्व उपाध्यक्ष श्री संजय लुणावत, श्री विनोद खुजनेरी, वरिष्ठ पत्रकार श्री क्रांति चतुर्वेदी, श्री रामप्रकाश शर्मा, श्री बलराम अवस्थी, दैनिक दोपहर परिवार एवं दैनिक बलवास टाइम्स परिवार ने पुरस्कार की राशि के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया। श्री लक्ष्मणसिंह गौड़ स्मृति फोटोग्राफी स्पर्धा के पुरस्कार की राशि पूर्व महापौर एवं विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ की ओर से प्रदान की गई। प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री अरविंद तिवारी ने सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

ये प्रतिभागी हुए सम्मानित

श्री प्रभाष जोशी स्मृति रिपोर्टिंग पुरस्कार

प्रथम पुरस्कार श्री संजय गुप्ता (दैनिक भास्कर), द्वितीय पुरस्कार श्री कमलेश्वरसिंह सिसोदिया (अग्निबाण) व श्री राजीव श्रीवास्तव (दोपहर), तृतीय पुरस्कार श्री सुनील तिवारी (दैनिक भास्कर, मांडू), सुश्री श्वेता शर्मा (गुड इवनिंग) व श्री अश्विन बक्षी (नई दुनिया), चार विशेष पुरस्कार श्री प्रदीप जोशी (दैनिक जागरण), श्री भूपेन्द्र सिंह (पत्रिका), श्री जितेन्द्र जाखेटिया (सा. इंदौर लाइव) तथा श्री विकास मिश्रा (पत्रिका)

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रथम पुरस्कार श्री अरुण त्रिवेदी (न्यूज-18), द्वितीय पुरस्कार श्री महेन्द्रसिंह सोनगिरा (एमपी न्यूज) और तृतीय पुरस्कार श्री संजय लाहोटी (लाइव विद लाहोटी)

श्री गोपीकृष्ण गुप्ता स्मृति श्रेष्ठ रिपोर्टिंग स्पर्धा

प्रथम पुरस्कार सुश्री नीता सिसौदिया (दैनिक भास्कर) ने जीता है। श्री उत्तम राठौर (पत्रिका) एवं श्री राहुल दुबे (दैनिक भास्कर) संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार के लिए चुने गए। तृतीय पुरस्कार श्री हर्षलसिंह राठौर (नईदुनिया) ने प्राप्त किया है। तीन विशेष पुरस्कार के लिए श्री हरिनारायण शर्मा (दैनिक भास्कर), श्री निलेश राठौर (अग्निबाण) और श्री राहुल दवे (पत्रिका)

मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय
Madhya Pradesh Legislative Assembly Secretariat
Indira Gandhi Vidhan Bhawan,
Arera Hills,Bhopal(M.P.)

स मा चा र

श्री लक्ष्मणसिंह गौड़ स्मृति श्रेष्ठ फोटोग्राफी पुरस्कार

विषय - स्मार्ट सिटी : पर प्रथम पुरस्कार श्री निलेश होलकर, द्वितीय श्री ओ.पी. सोनी तथा तृतीय श्री राजू पंवार और तीन विशेष पुरस्कारों में श्री धर्मेन्द्र सिंह चौहान, श्री विशाल चौधरी, श्री दीपक जैन

विषय - ग्रामीण पर्यटन : प्रथम पुरस्कार श्री प्रफुल्ल चौरसिया (आशु), द्वितीय श्री गोपाल वर्मा, तृतीय श्री जयेश मालवीय और तीन विशेष पुरस्कार श्री दीपक चौरसिया पटेल, श्री राजकुमार वर्मा, श्री विपिन शर्मा एवं श्री दिनेश सिंह ठाकुर

वि.स./ज.स./21 **(नरेन्द्र मिश्रा)**

अवर सचिव

दूरभाष : जनसंपर्क शाखा: (+91-755) 2523065, 2523028, 2440221 फैक्स: (+91-755) 2440238
ई-मेल : vidhansabha-mp@nic.in वेबसाइट : http://www.mpvidhansabha.nic.in